**रेटिंग का मूल आधार**

**23 दिसंबर, 2016 मुंबई**

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

रेटिंग की पुन: पुष्टि करना

| | |
|---|---|
| कॉर्पोरेट क्रेडिट रेटिंग | सीसीआर एएए (पुन: पुष्टि) |

क्रेडिट रेटिंग इन्फोर्मेशन सर्विसेज ऑफ इंडिया लिमिटेड (क्रिसिल) की डीएफसीसीआईएल की कॉर्पोरेट क्रेडिट रेटिंग भारत सरकार की डीएफसीसीआईएल की चल रही परियोजना के रणनीतिक महत्व को दर्शाती है, क्योंकि यह देश में आर्थिक विकास की बढोत्तरी के लिए अपेक्षित अवसरंचना की वृद्धि करेगी। यह रेटिंग इसके मूल कार्यालय, रेल मंत्रालय से तकनीकी, प्रबंधकीय और वित्तीय सहायता का भी कारक है ताकि परियोजना के लिए क्रियान्वयन और निधि की व्यवस्था हो सके। डीएफसीसीआईएल ने रेल मंत्रालय के साथ एक कन्सेशन एग्रीमेंट किया है, जिसके अनुसार सभी अधिकृत रेल ऑपरेटरों को ट्रेक -एक्सेस प्रभार के बदले कंपनी का इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध होगी। ये प्रभार डीएफसीसीआईएल की ऋण सर्विसिंग और अदायगी के उत्तरदायित्व को कवर करने के साथ-साथ इसके संचालन और अनुरक्षण लागतों को भी कवर करेंगे। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा डीएफसीसीआईएल द्वारा ली गई किसी वाणिज्यिक उधारी की गारंटी दी जाएगी। हालांकि, डीएफसीसीआईएल इस स्तर की परियोजना के संबद्ध समय और लागत के बढने से बुरी तरह प्रभावित हो सकती है।

डीएफसीसीआईएल रेल मंत्रालय द्वारा गठित एक स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) है, जिसके द्वारा उच्च क्षमता वाले और उच्च-गति वाले 3,360 किमी. के डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोरों का निर्माण किया जा रहा है। जो रेल मार्गों के साथ-साथ डीएफसी परियोजना के पहले चरण में दादरी (उत्तर प्रदेश), मुंबई (पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर-डब्ल्यू डीएफसी) और लुधियाना (पंजाब), कोलकाता (पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर-ईडीएफसी) तक बनाए जा रहे हैं। यह भारत की सबसे बडी अवसरंचनात्मक परियोजनाओं में से एक है और इसका लक्ष्य स्वर्ण चतुर्भुज रेल मार्ग का निर्माण करना है, जो भारत के संपूर्ण रेल मार्ग की लंबाई का 16 प्रतिशत है, जबकि इस पर भारतीय रेलवे का आधे से अधिक यातायात संचालित होगा। परियोजना के सफल क्रियान्वयन से रेलवे के फ्रेट मार्किट शेयर में उछाल आना संभावित है (इस समय 31%), जबकि इससे रेलवे के विद्यमान नेटवर्क के कंजेशन में कमी आएगी और उच्च क्षमतावान कुशल परिवहन सेवा उपलब्ध होगा। क्रिसिल का विश्वास है कि परियोजना बहुत महत्वपूर्ण है और भारत के आर्थिक विकास के लिए इसका बहुत रणनीतिक महत्व है।

डीएफसी की महत्वता को देखते हुए डीएफसीसीआईएल परियोजना के क्रियान्वयन और इसे समय से पूरा करने के लिए रेल मंत्रालय द्वारा पूर्ण सहायता दी जा रही है। इस परियोजना पर प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा नजर रखी जा रही है और रेल मंत्रालय द्वारा वरिष्ठ और

अनुभवी अधिकारियों को डीएफसीसीआईएल के बोर्ड में नियुक्त किया गया है। कन्सेशन एग्रीमेंट के माध्यम से गवर्नेंस प्लानिंग (दो सरकारी उद्यमों के बीच यह अपनी तरह का एग्रीमेंट है जो एक मूल-सहायक संबंधों को साझा करता है) से सुनिश्चित होगा कि परियोजना के स्कोप और इसके क्रियान्वयन के संबंध में कोई संदेह उत्पन्न नहीं होगा। तथापि, रेल मंत्रालय द्वारा पहली बार इतने बडे परिणाम वाली परियोजना आरंभ की जा रही है और इसलिए नई क्रियान्वयन चुनौतियां खडी होना संभावित हैं। क्रिसिल का विश्वास है कि परियोजना के क्रियान्वयन में समय और लागत के बढने जैसी समस्याओं का समाना करना पडेगा, जिन्हें केवल सशक्त सरकारी सहायता से दूर किया जा सकता है। डीएफसीसीआईएल की क्रिसिल रेटिंग सुनिश्चित सशक्त सरकारी सहायता के अनुमान पर आधारित है।

परियोजना के लिए सकल बजटीय समर्थन (जीबीएस) शेयर और वाणिज्यिक ऋणों के माध्यम से निधि की व्यवस्था की जा रही है। सकल बजटीय समर्थन की व्यवस्था वित्त मंत्रालय द्वारा की गई है और 545 बिलियन रूपये का ऋण द्विपक्षीय / बहुपक्षीय एजेंसियों (विश्व बैंक और जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जाइका)) डीएफसीसीआईएल को रेल मंत्रालय / भारत सरकार के माध्यम से प्राप्त होगा। संपूर्ण परियोजना के लिए अब विश्व बैंक और जाइका से ऋण की व्यवस्था के लिए हस्ताक्षर हो चुके हैं। पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के तीसरे चरण के लिए ऋण की राशि सीधे डीएफसीसीआईएल को सीधे  विश्व बैंक से प्राप्त होगी और उसकी गारंटी भारत सरकार द्वारा दी गई है। शेयर अंशदान के रूप में रेल मंत्रालय द्वारा लगभग 189 बिलियन रू. का सहयोग दिया जाएगा। आवश्यक होने पर, अतिरिक्त धनराशि रेल मंत्रालय से शेयर के रूप में अथवा वाणिज्यिक उधारियों के रूप में प्राप्त होगी, जो डीएफसीसीआईएल द्वारा मार्किट से जुटाई जाएगी। चूंकि डीएफसीसीआईएल रणनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक एसपीवी के रूप में काम कर रही है, भारत सरकार द्वारा अपनी प्रतिबद्धता दर्शाने के लिए वाणिज्यिक उधारियों की गारंटी प्रदान की जाएगी।

डीएफसीसीआईएल द्वारा अपेक्षित भूमि के 90% (अनु. 20 एफ के तहत) से अधिक भूमि का अधिग्रहण कर लिया है। जुलाई, 2016 तक 10,587 हेक्टेयर भूमि (पश्चिमी डीएफसी: 6000 हे. में से 5739 हेक्टेयर और पूर्वी डीएफसी: 4587 हेक्टे. में से 3884 हेक्टे. भूमि) दिए जाने की घोषणा की जा चुकी है, जो सोननगर-दानकुनी सेक्शन और कुल मिलाकर 86% भूमि को छोडकर लगभग 91% है। परियोजना के लिए पूरी धनराशि की व्यवस्था की जा चुकी है, जिसमें सोननगर-दानकुनी क्षेत्र के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) फंडिंग शामिल नहीं है। डीएफसीसीआईएल द्वारा कुल 2822 किमी. लंबे क्षेत्र (पूर्वी डीएफसी और पश्चिमी डीएफसी में 84%) के लिए सिविल निर्माण संविदाएं 31 जुलाई, 2016 को सौंपी गई हैं।

**कंपनी के बारे में**

भारत सरकार के एक उपक्रम के रूप में डीएफसीसीआईएल की शुरूआत अक्तूबर, 2006 में हुई थी, जिसे स्वर्ण चतुर्भुज के रेल मार्गों और इसके व्यासीय क्षेत्र में रेलवे लाइन के साथ-साथ डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोरों का निर्माण, संचालन और रख-रखाव करने का आदेश दिया गया था। डीएफसीसीआईएल की डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर योजना वित्तीय वर्ष 2009 में (वित्तीय वर्ष के रूप में 1 अप्रैल से 31 मार्च की अवधि मानें) आरंभ की गई थी और इसे पूर्ण किए जाने की अनुमानित लागत लगभग 734 बिलियन रूपये (मूल्य ह्रास, निर्माण के दौरान ब्याज राशि और अन्य सरल लागतों सहित) तय है, जिसके लिए धनराशि की व्यवस्था हेतु ऋण से शेयर का अनुपात लगभग 3 गुना है। पहले चरण में दो डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर का निर्माण होना है, जिनमें मुंबई-दिल्ली (पश्चिमी डीएफसी) और दिल्ली-कोलकाता (पूर्वी डीएफसी) शामिल हैं, जिनकी कुल लंबाई 3,360 किमी. है। ये कोरीडोर अपनी पूर्ण लंबाई के लिए 2020 के वित्तीय वर्ष तक पूर्ण रूप से संचालन कार्य आरंभ कर देंगे।

| |
|---|
| संबद्ध मापदंडों से लिंक |

| |
|---|
| वित्तीय अनुपातों के लिए क्रिसिल का दृष्टिकोण |

| |
|---|
| निर्माण और सेवा क्षेत्र वाली कंपनियों के लिए रेटिंग का मापदंड |

| |
|---|
| इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के यूनिक रेटिंग ड्राइवर्स |

| |
|---|
| सरकारी समर्थन के आधार उद्यमों की अकेले चल सकने योग्य रेटिंग की नॉचिंग के लिए मापदंड |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

| मीडिया रिलेशंस | एनालिटिकल कांटेक्ट | ग्राहक सेवा हैल्पडेस्क |
|---|---|---|
| तनुजा अभिनंदन<br>मीडिया रिलेशंस<br>क्रिसिल लिमिटेड<br>डी: +91 2233421818<br>बी: +91 2233423000<br>tanuja.abhinandan@crisil.com<br><br>ज्योति परमार<br>मीडिया रिलेशंस<br>क्रिसिल लिमिटेड<br>डी: +91 2233421835<br>बी: +91 2233423000<br>jyoti.parmar@crisil.com | सुदीप सुराल<br>वरिष्ठ निदेशक-क्रिसिल रेटिंग<br>क्रिसिल लिमिटेड<br>बी: +91 1246722000<br>sudip.sural@crisil.com<br><br>रवि नोरी<br>निदेशक-क्रिसिल रेटिंग<br>क्रिसिल लिमिटेड<br>डी: +91 2240402985<br>ravi.nori@crisil.com | समय: प्रात: 10 बजे से सायं 7 बजे तक<br>टोल फ्री नंबर: 18002671301<br><br>रिलेशंस/रेटिंग रिपोर्ट की प्रति के लिए<br>crisilratingdesk@crisil.com<br><br>एनालिटिकल क्वेरी के लिए<br>ratingsinvestordesk.crisil.com |

**मीडिया के लिए टिप्पणी:**

आपके समाचार - पत्र / पत्रिका / एजेंसी के माध्यम से सिर्फ सूचना के उद्देश्य से इस रेटिंग के मूल आधार की जानकारी आपको भिजवाई जाती है। रेटिंग के मूल आधार के अभिप्राय अथवा उसके सदंर्भ को बदले बिना आप इसका पूर्ण अथवा आंशिक उपयोग कर सकते हैं किंतु इसके लिए आपको क्रिसिल का आभार व्यक्त करना होगा। हालांकि, क्रिसिल को स्वयं ही (चाहे प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष) अपने मूल आधार पर विचार करने अथवा अन्यथा वेबसाइटों, पोर्टल इत्यादि के माध्यम से वितरण का अधिकार प्राप्त है।

रेटिड इन्स्ट्रमेंट के जटिल स्तरों पर टिप्पणी:

क्रिसिल के जटिलता स्तरों के लिए विभिन्न प्रकार के वित्तीय साधन तय किए गए है। क्रिसिल के जटिल स्तर www.crisil.com / complexity.levels वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उपयोगकर्ताओं को सलाह हैं कि वे निवेश के लिए जिन साधनों पर विचार करना चाहते हैं, उस संबंध में क्रिसिल के जटिल स्तरों का अवलोकन करें। उपयोगकर्ता किन्हीं विशिष्ट साधनों पर अपने प्रश्नों के साथ कस्टमर सर्विस हैल्पडेस्क को कॉल भी कर सकते हैं।

क्रिसिल लिमिटेड के बारे में

क्रिसिल एक वैश्विक विश्लेषण कंपनी है, जो रेटिंग्स, रिसर्च और जोखिम तथा परामर्शी सेवाएं उपलब्ध कराती है। हम भारत की अग्रणी रेटिंग एजेंसी हैं। हम विश्व के सबसे बडे बैंकों और नामी निगमों को हाई-एंड रिसर्च उपलब्ध कराने वाले सर्वश्रेष्ठ सूचना प्रदाता है।
अधिक जानकारी के लिए www.crisil.com देखें।

हमसे ट्विटर-लिंकेडिन-यूट्यूब-फेसबुक पर संपर्क करें।

**<u>क्रिसिल रेटिंग्स के बारे में</u>**

क्रिसिल रेटिंग्स, "क्रिसिल" लिमिटेड का एक भाग है। हम भारत में वर्ष 1987 में क्रेडिट रेटिंग्स की अवधारणा की जानकारी देने वाली आरंभिक कंपनी है। क्रिसिल एक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी के रूप में भारत की पंजीकृत कंपनी है, जिसमें सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) की सुविधा है। स्वतंत्रता, कडे विश्लेषण और अभिनव कार्यों की एक परंपरा के साथ क्रिसिल द्वारा क्रेडिट रेटिंग बिजनेस में मानक स्थापित किए जाते हैं। हम ऋण साधनों जैसे बैंक ऋण, जमा के प्रमाण-पत्र, वाणिज्यिक दस्तावेज, गैर-परिवर्तनीय/ परिवर्तनीय/ आंशिक परिवर्तनीय बॉण्ड्स और डिबेंचर, चिरस्थायी बॉण्ड्स, बैंक हाइब्रिड केपिटल इस्ट्रूमेंट, परिसम्पत्ति समर्थित और मोर्टगेज समर्थित प्रतिभूतियों, आंशिक गारंटियों और अन्य बने ऋण साधनों की

संपूर्ण रेंज की रेटिंग निर्धारित करते हैं। हमने 24,500 से अधिक बडे स्तर तथा मध्यम स्तर के कॉर्पोरेट और वित्तीय संस्थाओं के लिए रेटिंग उपलब्ध कराई है। क्रिसिल द्वारा भारत में बिजनेस रेटिंग में अनेक अभिनव कार्य करने के साथ ही मन्युसिपिल बॉण्ड्स की रेटिंग, आंशिक गांरटी वाले साधनों और माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के लिए भी रेटिंग कार्य किए है। हम सूक्ष्म, लघु और मध्यम एंटरप्राइसेस (एमएसएमई) के लिए ग्लोबल यूनिक रेटिंग सर्विस प्रदान करने की अग्रणी रूप से कार्य किया है और एक व्यापक बाजार के लिए रेटिंग सर्विस का महत्वपूर्ण विस्तार किया है। हमने 95000 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम एन्टरप्राइसेस के लिए रेटिंग का कार्य किया है।

**<u>क्रिसिल की गोपनीयता का नोटिस</u>**

क्रिसिल द्वारा आपकी गोपनीयता का आदर किया जाता है। हम आपकी संपर्क संबंधी जानकारी जैसे नाम, पते और ई-मेल आईडी का उपयोग करते हैं ताकि आपका अनुरोध और सेवा तथा खाते पर कार्रवाई हो सके और क्रिसिल की ओर से आपकी रूचि की एस एंड पी ग्लोबल इं. तथा इसकी सहायक कंपनियों (समग्र रूप से कंपनी) की आपको अतिरिक्त जानकारी दी जा सके।

**दावामुक्ति**

दावामुक्ति प्रत्येक उस क्रेडिट रेटिंग रिपोर्ट और / अथवा क्रेडिंग रेटिंग के मूल आधार का हिस्सा बनती है जो हम उपलब्ध कराते हैं (प्रत्येक रिपोर्ट)। संदेह से बचने के लिए "रिपोर्ट शब्द में वे सूचनाएं, रेटिंग्स और अन्य विवरण शामिल होते हैं, जो रिपोर्ट का हिस्सा बनते हैं। रिपोर्ट का आशय केवल भारत के कार्यक्षेत्र से है। इस रिपोर्ट में सेवा का प्रस्ताव शामिल नहीं है। जारी रिपोर्ट में सामान्यत: किसी सीमा के बिना कुछ शामिल नहीं किया जाता क्योंकि क्रिसिल द्वारा ऐसे कार्यक्षेत्र में कुछ सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं अथवा उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं जहां के लिए क्रिसिल के पास आवश्यक लाइसेंस नहीं है कि वह उपर्युक्त संदर्भित बिजनेस गतिविधियां चला सके। रिपोर्ट को एक्सेस करना अथवा उसके उपयोग से क्रिसिल और उपयोगकर्ता के बीच एक ग्राहक का रिश्ता नहीं बनता है।

हमें यह जानकारी नहीं है कि कोई उपयोगकर्ता रिपोर्ट पर विश्वास करने को तैयार होगा अथवा ऐसा व्यवहार करेगा जैसा एक उपयोगकर्ता रिपोर्ट का उपयोग करते समय करता है। रिपोर्ट तैयार करते समय हम किसी विशेष उपयोगकर्ता के उद्देश्यों अथवा विशेष आवश्यकताओं पर विचार नहीं करते। यह एकदम स्पष्ट किया जाता है कि रिपोर्ट का आशय निवेश संबंधी परामर्श देना नहीं है। रिपोर्ट किसी क्रय का अथवा विक्रय का प्रस्ताव नहीं देती अथवा किसी प्रतिभूमि, साधन, सुविधा के लिए किसी निवेश का उल्लेख नहीं करती अथवा किसी प्रकार के लुभावने प्रस्ताव अथवा अन्यथा ऐसे किसी उद्यम के साथ किसी डील अथवा ट्रांजेक्शन का प्रस्ताव नहीं

देती जिस उद्यम से वह रिपोर्ट संबंद्ध हो। किसी कानून अथवा विनियम के अभिप्राय के भीतर निवेश के निर्णय के लिए रिपोर्ट का अकेला अथवा मुख्य आधार नहीं होना चाहिए।
क्रिसिल की रेटिंग्स - रेटिंग, राय के वे विवरण होते हैं, जो उसी दिन व्यक्त की जाती है तथा किसी प्रतिभूति / साधन का क्रय, धारण करने अथवा विक्रय करने अथवा किसी निवेश करने के निर्णय के तथ्यों का विवरण अथवा सिफारिश नहीं है। यहां व्यक्त की गई कोई राय विश्वास स्वरूप है जो बिना सूचना परिवर्तित हो सकती है और जो अपनी जारी होने की तारीख को ही व्यक्त की जाती है। क्रिसिल को किसी रूप में अथवा किसी प्रारूप में प्रकाशित होने के बाद अपनी राय अद्यतन करने की कोई बाध्यता नहीं है यद्यपि क्रिसिल द्वारा अपनी किसी राय अथवा विश्लेषण को हटाया जा सकता है। रिपोर्ट में निहित क्रिसिल की रेटिंग तब किसी उपयोगकर्ता, इसके प्रबंधन, कर्मचारियों, सलाहकारों और/अथवा ग्राहकों कौशल, निर्णय अथवा अनुभव का स्थानापन्न नहीं होती, जिस समय वे कोई निवेश अथवा अन्य बिजनेस संबधी निर्णय ले रहे हों। रिपोर्ट प्राप्त करने वाले को अपने स्वयं के निर्णय पर विश्वास करना चाहिए और रिपोर्ट पर किसी प्रकार की कार्रवाई करने से पूर्व स्वयं अपनी पेशेवराना सलाह लेनी चाहिए।

न तो क्रिसिल न ही इसकी संबद्ध कंपनी, थर्ड पार्टी प्रोवाइडर साथ ही साथ इसके निदेशक, अधिकारी, शेयरधारक, कर्मचारी अथवा एजेंट (समग्र रूप में "क्रिसिल की पार्टियां) रिपोर्ट की सटीकता, पूर्णता अथवा पर्याप्तता की गारंटी देते है और किसी त्रुटि, भूल अथवा उसमें होने वाली किन्हीं बाधाओं, उसके कारणों के बारे में अथवा रिपोर्ट के किसी भाग के उपयोग से प्राप्त परिणामों के लिए किसी क्रिसिल पार्टी की कोई जवाबदेही नहीं होगी। प्रत्येक क्रिसिल पार्टी किसी अथवा समस्त अभिव्यक्तियों अथवा लागू वारंटियों से मुक्त होने के साथ-साथ, किंतु उनसे सीमित नहीं, व्यापारिकता कि किन्हीं वारंटियों, किसी उद्देश्य विशेष की पर्याप्तता उपयुक्तता अथवा फिटनेस अथवा उपयोग से भी मुक्त हैं। किसी भी स्थिति में कोई भी क्रिसिल पार्टी रिपोर्ट के किसी भाग के किसी उपयोग के संबंध में किसी पार्टी के प्रति किसी प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, अनुकरणीय, क्षतिपूर्ति योग्य, दंडात्मक, विशेष अथवा परिणामी क्षति, लागतों, व्यय, कानूनी शुल्क अथवा नुकसानों के लिए उत्तरदायी नहीं होगी (साथ ही किसी सीमा के बिना आय की हानि, लाभ की हानि और अवसर की लागतों सहित) भले ही ऐसी क्षति की संभावना के बारे में कोई सलाह दी गई हो।

क्रिसिल रेटिंग्स को अपनी रेटिंग्स और क्रेडिट संबंधी विश्लेषण के बदले सामान्यत: साधनों, सुविधाओं, प्रतिभूतियों के जारीकर्ताओं अथवा लेखकों अथवा ऑब्लिगेटर्स से प्रतिपूर्ति मिलती है। क्रिसिल की पब्लिक रेटिंग्स और विश्लेषण का जैसा अपेक्षित हो, सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के विनियमों के अंतर्गत (और अन्य लागू विनियमों, यदि कोई हों) खुलासा किया जाता है जिन्हें इसकी वेबसाइट www.crisil.com पर उपलब्ध कराया जाता है (नि:शुल्क)।

रिपोर्टों में अधिक और अतिरिक्त जानकारी नि:शुल्क उपलब्ध हो सकती है जो क्रिसिल के बारे में अधिक जानकारी के रूप में होती है, जो www.crisilratings के रूप में उपलब्ध है। क्रिसिल और इसकी संबद्ध कंपनियां एक विश्वसनीय कंपनी का कार्य करती हैं। जबकि क्रिसिल द्वारा ऐसे स्त्रोतों से जानकारी प्राप्त की गई है जो विश्वसनीय माने जाते हैं, क्रिसिल द्वारा लेखापरीक्षा का कार्य नहीं किया जाता और कोई किसी प्राप्त जानकारी के लिए कोई बडी कार्रवाई अथवा स्वतंत्र सत्यापन का कार्य नहीं किया जाता और/अथवा इसकी रिपोर्टों पर निर्भर नहीं किया जाता है। क्रिसिल द्वारा बिजनेस यूनिटों की कुछ गतिविधियों को एक-दूसरे से अलग रखा जाता है ताकि संबंधित गतिविधियों की स्वतंत्रता और उद्देश्यों को बनाए रखा जा सके। फलस्वरूप, क्रिसिल की किसी बिजनेस यूनिट के पास वह जानकारी हो सकती है, जो अन्य क्रिसिल बिजनेस यूनिट के पास नहीं मिल सकती। क्रिसिल द्वारा प्रत्येक एनालिटिकल प्रोसेस के संबंध में प्राप्त किसी गैर-सार्वजनिक जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने की नीतियां और प्रक्रियाएं तय की गई हैं। क्रिसिल द्वारा एनालिटिकल फायरवाल्स और हितों के टकराव से निपटने के लिए रेटिंग्स कोड ऑफ कंडक्ट को अपनाया गया है। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया http://www.crisil.com/ratings/highlightedpolicy.html देखें।

क्रिसिल के रेटिंग मापदण्ड सामान्यत: नि:शुल्क उपलब्ध होते हैं, जिसे आम जनता क्रिसिल की वेबसाइट www.crisil.com पर देख सकती है। किसी कंपनी के साधन के बारे में नवीनतम रेटिंग की जानकारी के लिए आप crisilratingdesk@crisil.com पर क्रिसिल रेटिंग डेस्क पर संपर्क कर सकते हैं अथवा फोन नं. (0091) 18002671301 पर कॉल कर सकते हैं।

क्रिसिल की पूर्व लिखित अनुमति के बिना इस रिपोर्ट का किसी अन्य व्यक्ति को अथवा किसी अन्य रूप में पुन: प्रकाशन अथवा पुनर्वितरण नहीं किया जाना चाहिए।
http:/www.crisil.com/RatingList/RatingDocs/Dedicated_Freight_Corridor_Corporation_of_India_Limited_December_23_2016_PR.html

क्रिसिल द्वारा अपने रेटिंग सिंबल और परिभाषाएं 11 जुलाई, 2011 से संशोधित की गई है ताकि सेबी के परिपत्र 'रेटिंग सिंबल और परिभाषाओं का मानकीकरण' का अनुपालन किया जा सके। संशोधित रेटिंग सिंबलों से पहले 'क्रिसिल' जोडा जाता है। अल्पाधि साधनों के लिए रेटिंग सिंबल पूर्व के पी1, पी2, पी3, पी4 एवं पी5 के बदले क्रमश: क्रिसिल ए1, क्रिसिल ए2, क्रिसिल ए3, क्रिसिल ए4 और क्रिसिल डी के रूप में संशोधित किए गए हैं। रेटिंग सिंबलों और परिभाषाओं में संशोधन को रेटिंग में बदलाव के रूप में नहीं देखा जा सकता। संशोधित रेटिंग सिंबलों और परिभाषाओं के विवरणों के लिए कृपया 'रेटिंग सिंबल और परिभाषाएं' संबंधी दस्तावेज http://www.crisil.com/ratings/credit-rating-scale.html लिंक पर देखे जा सकते हैं।